## महत्वपूर्ण एवं खास

### जुआ खेलने से मना करने पर जुआरियों ने धारदार औजार से किया हमला, मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। जुआ खेल रहे युवकों को जुआ खेलने से मना करने पर जुआरियों ने धारदार औजार से युवक को मारकर चोट पहुंचाया। घटना की रिपोर्ट सिविल लाईन थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार सतबहनिया मंदिर राजेंद्र नगर में देवेंद्र संदानी एवं नरेश यादव जुआ खेल रहे थे। प्रार्थी अखिलेश साहू 32 वर्ष पिता शत्रुहन साहू द्वारा जुआ खेलने से मना करने पर आरोपियों ने धारदार औजार से मारकर चोट पहुंचाया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग धाराओं में मामला दर्ज कर अपराध कायम कर लिया है।

### शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर अधेड़ से मारपीट, मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर गाली गलौज देने पर जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट किये जाने की रिपोर्ट पुरानीबस्ती थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार क्वार्टर भाठागांव पुरानी बस्ती निवासी महेश राय 45 वर्ष पिता स्व. कृपानाथ राय ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि रविवार को युनिहोम के सामने मेन रोड भाठागांव में मोहन से 17 वर्ष पिता संतोष सेन एवं नारायण सोनकर 21 वर्ष पिता स्व. रोहित सोनकर निवासी भाठागांव ने प्रार्थी से शराब पीने के लिए पैसा मांगा नहीं देने पर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारकर चोट पहुंचाया।

### युवक ने नाबालिग से किया दुष्कर्म, पास्को एक्ट में मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। दोस्त के भाई से बात करता देख रिश्तेदार ने नाबालिग को गाली गलौज कर जबरन खीचते हुए बिल्डिंग के छत पर ले जाकर शारीरिक संबंध बनाया। घटना की रिपोर्ट खमतराई थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार ट्रांसपोर्ट नगर खमतराई निवासी पीड़िता 15 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 19 दिसंबर की देर रात्रि प्रार्थिया अपने दोस्त के भाई से बात कर रही थी तभी रिश्तेदार संतोष उर्फ सोनू निवासी ट्रांसपोर्ट नगर खमतराई ने बातचीत करता देख गाली गलौज कर जबरन खींचकर बिल्डिंग के ऊपर ले गया व शारीरिक संबंध बनाया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पास्को एक्ट की धारा 4, 6 एवं आईपीसी की धारा 363, 364 क व 376, 342, 506 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### शराब पीकर किया महिला से मारपीट, मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। शराब के नशे में गाली गलौज कर रहा युवक घर के अंदर जबरन प्रवेश कर महिला के साथ किया मारपीट। मिली जानकारी के अनुसार रविवार को अमनेर अभनपुर में शराब के नशे में ओमप्रकाश रात्रे 23 वर्ष पिता चेतन रात्रे एवं दिनेश रात्रे ने प्रार्थिया का भांजा के साथ गाली गलौज कर रहा था मना करने पर दोनों युवकों घर के अंदर जबरन प्रवेश कर गाली गलौज करते हुए प्रार्थियां के साथ मारपीट किया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध कायम कर मारपीट कायम कर लिया है।

# दूर प्रदेशों के लोक कलाकार आदिवासी नृत्य महोत्सव में शामिल होने छत्तीसगढ़ के लिए हुए रवाना

» लद्दाख का दल विवाह नृत्य और निकोबारी दल, पूर्वजों के सम्मान वाला नृत्य करेंगे प्रस्तुत

रायपुर। रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आगामी शुक्रवार 27 दिसंबर से आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में शामिल होने वाले दलों के अपने अपने स्थानों से प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए रायपुर रवाना होने की जानकारियां प्राप्त होने लगी है। अरुणाचल प्रदेश जैसे दूरदराज के कलाकार रविवार को रायपुर के लिए रवाना हो चुके हैं और उत्तराखंड के कलाकार आज रवाना होने वाले हैं। प्रतिभागियों में जबरदस्त उत्साह है। देश के 25 राज्यों के आदिवासी नृत्यदल इस समारोह में भाग ले रहे हैं। इनमे कुछ स्थानों के आदिवासी दल पहली बार छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। अंडमान के निकोबारी और लद्दाख के आदिवासी समूह इस महोत्सव में भाग ले रहे हैं। इनमें लद्दाख का नृत्यदल एक विवाह नृत्य प्रस्तुत करेगा वहीं निकोबारी के कलाकार अपने पूर्वजों के सम्मान के किये जाने वाला नृत्य प्रस्तुत करेंगे।

#### लद्दाखी विवाह नृत्य

लद्दाख देश का एक केंद्र शासित प्रदेश है जिसे तत्तकालीन जम्मू और कश्मीर राज्य को विभाजित कर 31 अक्टूबर 2019 को गठित किया गया था। लद्दाख की मुख्य जनजाति बोट



या बोटो के नाम से जानी जाती है जिनकी जनसंख्या लगभग दो लाख है। ट्राइबल्फेस्ट 2019 में लद्दाख से आये बोटो नृत्यदल द्वारा अपने विवाह के अवसर पर किये जाने वाले नृत्य की प्रस्तुति दी जा रही है। लद्दाख वासियों का वैवाहिक समारोह काफी सरल होता है। वधु चयन के लिए वर पक्ष के माध्यम से बात चलाई जाती है तथा उनकी सहमति के पश्चात वर पक्ष के लोग वधु के घर स्थानीय पारंपरिक पेय, छांग और स्कार्फ तथा अंगूठी लेकर जाते हैं जहां विवाह पक्का होने की रस्म की जाती है। विवाह के दिन एक गायक के नेतृत्व में उसके गायन के साथ सभी लोग चलते हैं। इनमे 7 से 11 तक की संख्या में प्राचीन पारंपरिक लदाखी पोशाक में न्याओपा भी रहते हैं इनकी उपस्थित में विवाह को वैधानिक मान्यता प्राप्त होती है जिसमे न्याओपा साक्षी माने जाते हैं। वे गीत गाते हैं और नृत्य करते हैं। न्याओपा नृत्य अन्य लद्दाखी नृत्यों की तुलना मे तेज गति का नृत्य है जो तेज संगीत की धुन पर किया जाता है। नृत्य में लामा भी उपस्थित रहते हैं जिनकी विशेष भूमिका रहती है।

#### अंडमान और निकोबार निकोबारी नृत्य

बंगाल की खाड़ी स्थित अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह के निकोबार द्वीप में निवास करने वाले लोग निकोबारी के नाम से जाने जाते हैं। निकोबार द्वीपसमूह समूह में 19 द्वीप हैं जिनमें से 12 आबाद हैं। इन द्वीपों में कार निकोबार सबसे बड़ा द्वीप है। निकोबारी एक आदिम जनजाति है जिनकी कुल जनसंख्या 22100 है।सुदूर समुद्र में निवासरत इन द्वीपवासियों की आजीविका के मुख्य साधनों में नारियल, पेन्डानस, सुपारी, आम, केला तथा कुछ अन्य फलों की बागवानी और मछली सम्मिलित हैं। निकोबारी समुदाय में किया जाने वाला नृत्य सरल किन्तु आकर्षक है। वे ओसुआरी उत्सव के अवसर पर मुख्यतः इस नृत्य को करते हैं जो परिवार के मृतक मुखिया को समर्पित रहता है। नृत्य चन्द्रमा के प्रकाश ताड़ वृक्षों के नीचे रात भर चलता है।यह पहली बार है कि निकोबार द्वीपसमूह का कोई नृत्य छत्तीसगढ़ में प्रस्तुत किया जा रहा है।

## संस्कृति मंत्री भगत का ओडिसा के भवानीपटना में हुआ आत्मीय स्वागत

» नृत्य संगम उत्सव में हुए शामिल

» ओडिसा के लोक कलाकारों को राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में छत्तीसगढ़ आने का दिया न्यौता

रायपुर। संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत रविवार को ओडिसा के ओडिसा के कालाहांडी जिले के भवानीपटना में आयोजित नृत्य संगम उत्सव के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह में भगत का आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री भक्त चरणदास ने की। भवानीपटना के लाल बहादूर शास्त्री स्टेडियम में 20 से 22 दिसम्बर 2019 तक नृत्य संगम उत्सव का आयोजन ओडिसा के भाषा साहित्य और संस्कृति विभाग के सहयोग से ओडिसा के सांस्कृतिक संगठन प्रतिवा द्वारा आयोजित किया गया है।



भगत ने नृत्य संगम उत्सव में ओडिसा के लोक कलाकारों को छत्तीसगढ़ में 27 से 29 दिसम्बर तक आयोजित हो रहे राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में आने का न्यौता दिया। भगत ने बताया कि छत्तीसगढ़ में पहली बार हो रहे राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव ने अब अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव का स्वरूप ले लिया है और इसमें देश के 25 राज्यों के आदिवासी नृत्य दलों के साथ अन्य देशों के आदिवासी नृत्य दल भी शामिल हो रहे हैं। भगत ने नृत्य संगम उत्सव के आयोजकों को शुभकामनाएं और बधाई दी। नृत्य उत्सव संगम ओडिसा के लोक कलाकारों ने मनमोहक आदिवासी लोक कला नृत्य का प्रदर्शन किया।

## प्रेम प्रसंग मामले में गंभीर रूप से जली युवती की मौत

» जिंदा जलाने के मामले में प्रेमी की भाभी व मां गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। प्रेम प्रसंग मामले में प्रेमी के परिजनों द्वारा प्रेमिका को जिंदा जलाकर जान से मारने की कोशिश किया गया था। गंभीर स्थिति में युवती को इलाज के लिए राजधानी के डीकेएस अस्पताल में भर्ती किया गया था जहां उपचार के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार अभनपुर के



ग्राम खोला की रहने वाली 20 वर्षीय सरस्वती सोनवानी के पड़ोस के युवक लल्लू सतनामी से प्रेम प्रसंग था। 18 दिसंबर को लल्लू ने अपनी प्रेमिका को मिलने के लिए घर बुलाया था। सरस्वती सोनवानी लल्लू के घर मिलने पहुंची तो लल्लू के पिता जलाल सतनामी मां दुकलहा व भाभी नैनीबाई ने लल्लू को घर से बाहर भेज दिया और फिर सरस्वती से विवाद करते हुए उसके साथ मारपीट कर जिंदा जलाने की नियत से उसके ऊपर मिट्टी तेल छिड़ककर आग लगा दी। इस हादसे में युवती 85 प्रतिशत झुलस गई। इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। पुलिस ने लल्लू की भाभी व मां को कल शाम को ही हिरासत में ले लिया था। घटना के बाद से ही लल्लू के पिता जलाल सतनामी फरार है। पुलिस उसकी खोजबीन में जुटी हुई है।

# स्कूलों में मनोरंजक ढंग से बच्चे सीखेंगे भाषा :लर्निंग नेविगेटर कार्यक्रम के तहत दो दिवसीय कार्यशाला शुरू

रायपुर। छत्तीसगढ़ के स्कूलों में बच्चों को मनोरंजक ढंग से भाषा सीखाने के लिए लर्निंग नेविगेटर कार्यक्रम के तहत आज यहां दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में भाषा विज्ञानियों ने बच्चों के स्तर और उनकी क्षमता के अनुरूप भाषा की पकड़ को मजबूत बनाने के लिए सहायक शैक्षणिक सामग्री तैयार करने पर विचार विमर्श किया। इस कार्यशाला का आयोजन राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के तत्वाधान में किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में विभिन्न भाषाएं उपयोग की जाती है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इसे ध्यान में रखकर भाषा सीखने की रूपरेखा विकसित करने की पहल की है। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद की अगुवाई में इंडिया एजुकेशन कलेक्टिव संस्था के साथ मिलकर इस पर कार्य किया जा



रहा है। इसमें भाषा के क्षेत्र में काम करने वाले देश की अग्रणी संस्थानों के प्रतिनिधि इसमें भागीदारी कर रहे हैं। इसमें परिणाम स्वरूप में भाषा सीखने का क्रम, भाषा सीखने के लिए महत्वपूर्ण पहलू और उसे मजबूत करने वाले सहायक शैक्षणिक सामग्री तैयार की जा सकेगी।

विभिन्न भाषाओं में सामंजस्य बनाने, एक भाषा की मदद से अन्य भाषा सीखने और उसको अभिव्यक्त करने में मददगार होगा। स्कूल शिक्षा विभाग के समन्वयन में संचालित 'लर्निंग नेविगेटर कार्यक्रम' के अंतर्गत गणित विषय शालाओं में शिक्षकों के लिए उपलब्ध कराया जा चुका है। इसी क्रम में भाषा सीखने के संसाधन और मूल्यांकन व्यवस्थित तरीके से लर्निंग नेविगेटर पर उपलब्ध कराए जाने हैं। यह कार्यशाला इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यशाला में प्राथमिक स्तर पर भाषा सीखने का क्रम क्या होना चाहिए और उसका अनुपालन करने के लिए कौन सी सहायक शैक्षणिक सामग्री उपयोगी होंगी, यह तय किया जाएगा।

## मतगणना के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों को लेकर कांग्रेस प्रत्याशियों व एजेंटों को दिया गया प्रशिक्षण

रायपुर (आरएनएस)। नगरीय निकाय चुनाव की मतगणना कल 24 दिसंबर को होने जा रही है। इसके लिए कांग्रेस के पदाधिकारियों द्वारा आज कांग्रेस के सभी प्रत्याशियों और एजेंटों को मतगणना के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों को लेकर प्रशिक्षण दिया गया।

कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में आज जिलाध्यक्ष गिरीश दुबे, पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, महामंत्री महेन्द्र छाबड़ा और विधायक विकास उपाध्याय सहित अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में नगर निगम चुनाव में कांग्रेस से खड़े सभी प्रत्याशियों और उनके एजेंटों को मतगणना के दौरान वहां बरती जाने वाली सावधानियों से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। गिरीश दुबे ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि प्रशिक्षण के दौरान प्रत्याशियों और एजेंटों को मतगणना के दौरान क्या-क्या त्रुटियां हैं, किन-किन चीजों पर ध्यान रखना और किन विषयों पर आपको अपने मत को बचाना है इस संबंध में उन्हें बताया गया है।

## म.प्र. के मुख्यमंत्री कमलनाथ को राष्ट्रीय नृत्य महोत्सव में आने का दिया न्यौता

» विधायक मोहन मरकाम ने सौजन्य मुलाकात कर दिया आमंत्रण

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा देश के विभिन्न राज्यों सहित अन्य देशों के मुख्यमंत्रियों और लोक कलाकारों को राष्ट्रीय नृत्य महोत्सव के लिए न्यौता देने की जिम्मेदारी राज्य के मंत्रियों और विधायकों को सौंपी गई है। कोण्डागांव क्षेत्र के विधायक



मोहन मरकाम ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ से सौजन्य मुलाकात की और उन्हें छत्तीसगढ़ में पहली बार आयोजित हो रहे राष्ट्रीय नृत्य महोत्सव में आने का न्यौता दिया। मरकाम ने मुख्यमंत्री से मध्यप्रदेश के लोक कलाकारों को आदिवासी नृत्य महोत्सव में भेजने का आग्रह किया।

## पद रि-स्ट्रक्चर के बाद बिजली कर्मियों को मिलेगी पदोन्नति

कोरबा (आरएनएस)। विद्युत कंपनी के पावर प्लांट में कार्यरत कर्मियों के रिक्त पद रि-स्ट्रक्चर के बाद पदोन्नति के आधार पर भरी जाएगी। हायर पे स्केल लेने वाले कर्मियों को उक्त पद के अनुरूप सेवानिवृत्ति दी जाएगी। प्रबंध निदेशक ने जनता यूनियन को आश्वस्त किया कि कर्मियों की समस्याएं प्रबंधन प्राथमिकता के आधार पर निराकृत कर रही है। उन्होंने कॉलोनी में साफसफाई के अभाव पर नाराजगी जताते हुए सिविल अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने कहा। विद्युत उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक का पद संभालने के बाद राजेश वर्मा सभी यूनियन प्रतिनिधियों के साथ श्रमिक समस्याओं पर चर्चा कर रहे हैं। जनता यूनियन के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं पर चर्चा की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि उत्पादन कंपनी का आय-व्यय का खुलासा करने हेतु रिपोर्ट कार्ड जारी करने का प्रस्ताव रखा। इसी तरह भू-विस्थापित कर्मियों को रेग्युलर करने तथा शेष भू-विस्थापितों को पात्रता अनुरूप जल्द नौकरी देने की मांग रखी।


SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

इस संघ का गठनतमपूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं० 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुछ सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठकुर्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU


# मनरेगा कार्डधारी परिवारों को 100 दिनों का रोजगार उपलब्ध कराने में छत्तीसगढ़ देश में चौथे स्थान पर

» चालू वित्तीय वर्ष में अब तक 83,436 परिवारों को 100 दिनों का रोजगार

» मनरेगा में लगातार अच्छे कार्यों के लिए हाल ही में भारत सरकार से मिले हैं सात पुरस्कार

रायपुर। छत्तीसगढ़ ने मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना) के क्रियान्वयन में एक बार फिर उत्कृष्ट कार्य का नमूना पेश किया है। चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 में मनरेगा जॉब कार्डधारी परिवारों को 100 दिनों का रोजगार उपलब्ध कराने में छत्तीसगढ़ देश में चौथे स्थान पर है।



1 अप्रैल 2019 से 21 दिसम्बर 2019 तक पिछले नौ महीनों में प्रदेश के 83 हजार 436 परिवारों को 100 दिनों का रोजगार उपलब्ध कराया गया है। राजस्थान, आंध्रप्रदेश और तेलंगाना के बाद छत्तीसगढ़ इस मामले में पूरे देश में चौथे स्थान पर है।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने मनरेगा में लगातार अच्छे कार्यों के लिए विभागीय अमले को शाबाशी दी है। उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों की पीठ थपथपाते हुए कहा है कि वे आगे भी इस योजना का क्रियान्वयन बेहतर ढंग से जारी रखें ताकि वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर हम इसमें देश के प्रथम तीन राज्यों में अपनी जगह पक्की कर सकें। उल्लेखनीय है कि मनरेगा के विभिन्न मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अभी 19 दिसम्बर को ही केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने प्रदेश को सात पुरस्कारों से नवाजा है।

राज्य शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मनरेगा का लाभ अधिक से अधिक परिवारों तक पहुंचाने के लिए विशेष रणनीति के तहत काम किया जा रहा है। गांवों में रोजगार दिवस जैसे आयोजनों के जरिए सीधे वंचित समुदायों से काम की मांग के आवेदन लिए जा रहे हैं। मनरेगा की जिला एवं जनपद टीम द्वारा ऐसे परिवार जिन्हें 25, 50 और 75 दिन का रोजगार उपलब्ध कराया जा चुका है, उन पर फोकस कर उन्हें 100 दिनों का काम दिलाने की रणनीति पर काम किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों की राज्य स्तर पर लगातार मॉनिटरिंग और समीक्षा कर हर जिले में ज्यादा से ज्यादा परिवारों को 100 दिनों का रोजगार मुहैया कराने पर जोर दिया जा रहा है।